उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,

हरिद्वार–249404

संख्याः–293 / 19 / डी0आर0(स0नि0) / सेवा–2 / 2021–22 दिनांकः 14 दिसम्बर, 2023

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **शहरी विकास विभाग** के अन्तर्गत सफाई निरीक्षक के रिक्त 65 पदों हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं0ः–A-2/DR(SI)/S-2/2023 दिनांक 08 अगस्त, 2023 के सापेक्ष पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन दिनांक 28 अगस्त, 2023 तक आंमत्रित किये गये थे। जिसके क्रम में मुख्य लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) का आयोजन दिनांक 03 दिसम्बर, 2023 (रविवार) को किया गया था। उक्त परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन में किये गये दावों के सापेक्ष अभिलेख / प्रमाण–पत्र आयोग कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु विस्तृत विज्ञप्ति आयोग की **Website: psc.uk.gov.in पर** प्रसारित किया गया है। परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में किये गये दावों के अनुसार अभिलेख / प्रमाण–पत्र आयोग **कार्यालय में दिनांक 29 दिसम्बर, 2023 के सांय 6:00 बजे** तक व्यक्तिगत रूप से अथवा डाक के माध्यम से कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले लिफाफों / अभिलेखों को किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा डाक विलम्ब के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं होगा। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों को इस संबंध में डाक के माध्यम से पृथक से सूचना प्रदान नही की जायेगी।

-Sd/

(गिरधारी सिंह रावत)

सचिव।